**सहायिकी कार्यक्रमों (subsidy programmes) के निष्पादन की रीति जिसमें आबंटित राशि और ऐसे कार्यक्रमों के लाभार्थियों के विवरण सम्मिलित हैं।**

## बिहार शताब्दी निजी नलकूप योजना

लघु जल संसाधन विभाग, बिहार के अन्तर्गत कृषकों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने एवं सिंचाई क्षमता के सृजन हेतु "बिहार शताब्दी निजी नलकूप योजना" का संचालन विभाग द्वारा विगत कई वर्षों से किया जा रहा है।

उक्त योजना के तहत शर्तों के अधीन कृषकों को निजी नलकूप के छिद्रण एवं अधिष्ठापन हेतु अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। प्रारम्भ में उक्त योजना का परिचालन ऑफलाईन माध्यम से किया जाता था परन्तु नवम्बर 2018 के पश्चात् अभ्यावेदन समर्पित किये जाने से लेकर भुगतान तक की कार्रवाई ऑनलाईन तरीके से की जा रही है। साथ ही भुगतान आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के द्वारा की जा रही हैं।